प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.09.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20 बजे

सीएम

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से आत्मनिर्भर राज्य की ओर बढ़ रही है। कल प्रदेश उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की ओर से किए जा रहे महत्वपूण सुधारों की दिशा में आवश्यक कानूनी संशोधन किए जा रहे है, जिनके सकारात्मक परिणाम भी पहले दो बजट में परिलक्षित होते हैं। उन्होंने कहा कि इससे समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने साफ किया कि प्रदेश में कोई वित्तीय संकट नहीं है और यदि ऐसा होता तो कर्मचारियों की पुरानी पैंशन योजना और महिलाओं के लिए प्रतिमाह 15 सौ रूपए की पैंशन बहाल न होती।

मंत्रिमंडल

आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक होगी। इस बैठक में विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने के अलावा तह बाजारियों की समस्याओं के समाधान के लिए कमेटी के गठन पर भी फैसला हो सकता है। इसके अलावा प्रदेश में मंक्कीपॉक्स की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से उठाए जा रहे कदम पर भी चर्चा की जा सकती है। मंत्रिमंडल की बैठक में सरकारी कर्मचारियों को नए वेतनमान के देय एरियर और महंगाई भत्ते के संबंध में भी चर्चा संभव है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज की भाुरूआत खिली धूप से हुई है। हालाँकि पिछले कल रोहतांग सहित ऊंची चोटियों पर हुई ताज़ा बर्फ़बारी से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज से 24 सितंबर तक मौसम साफ़ बने रहने की सम्भावना जताई है जबकि 25 सितंबर को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

इस बीच मौसम के इस बदलाव के चलते हिमाचल पथ परिवहन निगम ने दिल्ली–लेह बस सेवा को बंद कर दिया है, ये सेवा अब अगले वर्ष मई या जून माह में एक बार फिर शुरू होगी। वहीं इस मार्ग पर बड़े वाहनों की आवाजाही अभी जारी रहेगी।

सुर्खियां समाचार पत्रों से––––

आज अधिकांा समाचार पत्रों ने बिजली प्रोजेक्ट लेने संबंधी मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता दी है।

मुख्यमंत्री के हवाले से अमर उजाला ने लिखा है–तीन बिजली प्रोजेक्ट लेने के लिए हाईकोर्ट में दायर करेंगे पुनरीक्षण याचिका। पंजाब केसरी की सुर्खी है–लुहरी, धौलासिद्व व सुन्नी परियोजना अधिग्रहण के लिए दायर करेंगे पुनरीक्षण याचिका। आपका फैसला और हिमाचल दस्तक के एक जैसे भाब्द है–हिमाचल के अधिकारों के साथ कोई समझोता नहीं किया जाएगा। दैनिक सवेरा टाईम्स मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है–हिमाचल के हितों के साथ कोई समझौता नहीं होने दिया जाएगा।

दिव्य हिमाचल की एक अन्य खबर है–बड़े उद्योगों की बिजली सब्सिडी खत्म 22 केवी तक के छोटे उद्योगों को जारी रहेगी राहत, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में भी साढ़े 6 फीसदी की कटौती।

अमर उजाला ने लिखा है–औद्योगिक बिजली उपभोक्ताओं की एक रूपए सब्सिडी बंद, घरेलू को 3 सौ यूनिट तक ही मिलेगी। पंजाब केसरी के अुनसार–3 सौ से अधिक यूनिट बिजली वालों को अब नहीं मिलेगी सब्सिडी–उद्योगों की इलैक्ट्रीसिटी ड्यूटी घटाई, सब्सिडी की खत्म।

––